मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

MHD-19

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)
(एम. एच. डी.)
सत्रांत परीक्षा
जून, 2022
एम.एच.डी.-19 : हिन्दी दलित साहित्य का विकास

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×10=20

(क) हाँ-हाँ मैं नकारता हूँ।

ईश्वर के अस्तित्व को
संसार के मूल में उसके कृतित्व को
विकास-प्रक्रिया में उसके स्वत्व को
प्रकृति के संचरण नियम में
उसके वर्चस्व को

क्योंकि ईश्वर एक मिथ्या विश्वास है
एक आकर्षक कल्पना है
अर्द्ध विकसित अथवा कलुषित मस्तिष्क की
तब जाग सकता है कैसे
इसके प्रति श्रद्धा का भाव ?

(ख) माँ–बाप ने पैदा किया था
गूंगा !
परिवेश ने लंगड़ा बना दिया
चलती रही
निश्चित परिपाटी पर
बैसाखियों के सहारे
कितने पड़ाव आये !
आज जीवन के चढ़ाव पर
बैसाखियाँ चरमराती हैं।

(ग) सुदीप ने असहमति व्यक्त करते हुए अपनी किताब की नजीर दी। लेकिन पिता को चौधरी की बात सही और चौधरी की बात गलत लगती है और कहा, "तेरी किताब में गलत भी हो सके नहीं तो

क्या चौधरी झूठ बालेंगे ? तेरी किताब से कहीं बड्डे (बड़े) आदमी हैं चौधरी जी। उनके धोरे (पास) तो ये मोटी–मोटी किताबें हैं .... वह जा तेरा हेडमास्टर है वो बी पाँव छुए हैं चौधरो जी के। फेर भला बो गलत बतायेंगे मास्टर से कहणा सही–सही पढ़ाया करे ....।"

(घ) किसना द्वारा मरी गाय उठाने नहीं आने पर ठाकुर मौहल्ले में बेचैनी बढ़ती जा रही थी। रघु ठाकुर ने दो बार अपने बेटे रामेसर को किसना को बुलाने भेजा था लेकिन किसना नहीं आया। तत्पश्चात रघु ठाकुर अपने रामेसर और हरप्रसाद दोनों को साथ ले पुनः किसना के घर गया। वहाँ जाकर रघु ठाकुर ने देखा कि किसना चारपाई पर बड़े ही इत्मोनान से बैठा हुआ है। ठाकुर को अपने घर की ओर आता देखकर भी किसना के चेहरे पर डर के कोई भाव दिखाई नहीं दिए और वह ज्यों का त्यों बैठा रहा।

2. 'तब तुम्हारी निष्ठा क्या होती ?' कविता का दार्शनिक पक्ष स्पष्ट कीजिए। 10

3. समकालीन हिन्दी दलित कविता का विकास बताइए। 10

4. हिन्दी दलित कहानी में मोहनदास नैमिशराय के योगदान की चर्चा कीजिए। 10

5. 'सुमंगली' कहानी का उद्देश्य बताइए। 10

6. 'जूठन' की वैचारिकी की चर्चा कीजिए। 10

7. दलित आत्मकथनों के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 10